(iv) लघु व्यवसाय

(v) खुदरा व्यापार

(vi) व्यावसायिक और स्वत: नियोजित व्यक्ति

(vii) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों सहित कमजोर वर्ग।

(viii) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों के लिए राज्य प्रायोजित संगठन

(ix) शिक्षा

(x) आवास

(xi) उपभोग

(xii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रदान की जाने वाली निधियां

(xiii) स्वंय सहायता समहों को ऋण

(xiv) एस एफ सी एस आई डी सी डी.आई ई सी,नाबार्ड तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी किए गए विशेष बांडों में अशंदान।

प्राथमिकता क्षेत्र ऋणों का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण वर्गो के अन्तर्गत कमजोर वर्गो एंव लघु उधारिकर्ताओं की सहायता करना है । इसलिए,अन्य वर्गो को प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत शामिल नहीं किया गा है क्योंकि उन्हें शामिल किए जाने से प्राथमिकता क्षेत्र के वर्तमान घटकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

Licencing of Private Skcitor Banks

2214. SHRI K. RAHMAN KHAN:

Will the Minister of FINANCE pleased be to state:

(a) the number of private sector banks that have been licensed so far;

(b) the numberof applications for bank license that have been given approval in principle and the names of the applicants;

(c) the number of applications that are pending and whether Government will consider the application and the names of the applicants pending; and '

(d) since when the applications for licences are pending and the reason it-delaying the decisions?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SAT-PAL MAHARAJ): (a) Reserve Bank of India (RBI) have reported that there are at present 35 Indian private sector banks functioning in the country out of which 34 are licenced bank, the only exceptioni' being the Sikkim Bank Ltd.

(b) RBI had also granted 'in-principle'* approval to thres applicants to set up new banks in the privste sector. However, tv/o of these 'in-prlnicple' approvals have since been withdrawn.

(c) According to RBT, 40 applications have been received by them for setting up of new banks in ths private sector.

(d) The experience gained with reference to the functioning of new private sector banks over a reasonable period of time and the merit of the application as also the needs of the system will determine further licensing decisions and as such no time frame can be fixed for e-cisions on these applications.

निजी बैंक

2215.**श्री नागमणि**:क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) निजी क्षेत्र में स्थापित किये गये ऐसे बैंकों के नाम क्या-क्या है जिनकी स्थापना को तीन वर्ष से अधिक समय बीच चुका है;

(ख) क्या निजी क्षेत्र के उन बैंकों द्वारा ग्रामीण्ण तथा अर्द्व शहरी क्षेत्रों में रिजर्व बैंक के मानकों के अनुसार शाखाएं खोली जा रही हैं; और

(ग) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) तीन वर्षो से अधिक समय से स्थापित गैरबसकारी क्षेत्र के बैंकों के नाम विवरण। में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) और (ग) भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 22-1-93 के मार्गनिर्देश,जो बैंकिग काराबार के प्रारम्भ के लिए नए गैर सरकारी क्षेत्र के बैंको को स्थापित करने के लिए हैं में अन्य बातों के साथ-साथ यह व्यवस्था है कि स्थापना के बाद,पहले तीन वर्षो की अवधि के दौरान,इन बैंकों को अपनी शाखाओं का 25% भाग ग्रामीण/अर्द्व शहरी क्षेत्रों में स्थापित करना होगा। अभी हाल ही में स्थापित गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों में से दो बैंक अर्थात्,यू.टी.आई.बैक लि.और इन्डस बैंक लि.ने अप्रैल,1997 में परिचालनों के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन बैंकों द्वारा खोली गई शाखाओं का ब्यौरा विवरण ॥ में दिया गया हैं। (नीचे देखिए)

विवरण-I

गैर सरकारी क्षेत्र के बैंक

1. बैंक आफ मथुरा लि.
2. बैंक आफ राजस्थान लि.
3. बरेली कारपोरेशन बैंक लि.
4. भारत ओवरसीज बैंक लि.
5. बनारस स्टेट बैंक लि.
6. कैथोलिक सीरियन बैंक लि.
7. धनलक्ष्मी बैंक लि.
8. फेडरल बैंक लि.
9. जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि.
10. कर्नाटक बैंक लि.
11. करूर वैश्य बैंक लि.
12. सिटी यूनियन बैंक लि.
13. लक्ष्मी विलास बैंक लि.
14. लार्ड कृष्णा बैंक लि.
15. नैनिताल बैंक लि.
16. नेडुंगाडी बैंक लि.
17. रत्नाकार बैंक लि.
18. सांगली बैंक लि.
19. साउथ इंडियन बैंक लि.
20. तमिलनाडु मर्केन्टाईल बैंक लि.
21. युनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि.
22. वैश्य बैंक लि.
23. एसबीआई कमर्शियल एंड इन्वेस्ट बैंक लि
24. गणेश बैंक आफ कुरूणवाड लि.
25. इंडस इंड बैंक लि.
26. यूटीआई बैंक लि.
27. सिक्किम बैंक लि.

विवरण –II

बैंकों द्वारा खोली गई शाखाओं का ब्यौरा

क्रम स.	बैंक का नाम	महानगरी	ग्रामीण	शहरी	अर्द्व-शहरी	जोड़
1.	यू.टी.आई.बैंक लि.	. . 8	1	-		9
2.	इंडस-इंड.बैंक लि.	. . 11	3	-	4	18